भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1347

जिसका उत्तर शुक्रवार, 6 फरवरी, 2026/17 माघ, 1947 (शक) को दिया जाना है।

तेलंगाना में उर्वरकों की आपूर्ति

1347. श्री माधवनेनी रघुनंदन राव:

क्या **रसायन और उर्वरक मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या तेलंगाना में किसानों को समय पर उर्वरकों की आपूर्ति नहीं की जा रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या उर्वरकों का वितरण कतारों और पासबुक प्रणाली के माध्यम से किया जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;
(ग) तेलंगाना में विभिन्न प्रकार के उर्वरकों की कितनी आवश्यकता है; और
(घ) उर्वरकों पर दी जा रही राजसहायता का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (ग): चल रहे रबी मौसम 2025–26 के दौरान तेलंगाना राज्य में यूरिया, डीएपी, एमओपी तथा एनपीकेएस जैसे उर्वरकों की उपलब्धता पर्याप्त बनी हुई है। वर्तमान रबी 2025–26 मौसम के दौरान तेलंगाना राज्य में इन उर्वरकों की आवश्यकता, उपलब्धता, बिक्री तथा अंतिम स्टॉक) से संबंधित जानकारी निम्नानुसार है:

रबी 2025-26 (02/02/26 तक) के लिए उर्वरक की स्थिति						
						आँकड़े एलएमटी में
क्र. सं.	उत्पाद	रबी 2025-26 के लिए मौसमी आवश्यकता	01/10/25 से 02/02/26 तक यथानुपातिक आवश्यकता	01/10/25 से 02/02/26 तक उपलब्धता	01/10/25 से 02/02/26 तक संचयी डीबीटी बिक्री	02/02/26 के अनुसार अंतिम स्टॉक
1	यूरिया	10.40	7.31	8.41	7.27	1.14
2	डीएपी	1.45	1.16	2.22	1.76	0.46
3	एमओपी	0.65	0.46	0.81	0.29	0.52
4	एनपीकेएस	7.00	4.84	7.43	4.50	2.93

तथापि, राज्य के भीतर जिला स्तर पर उर्वरकों का वितरण संबंधित राज्य सरकार द्वारा किया जाता है।

तदनुसार, तेलंगाना राज्य सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, उर्वरकों का वितरण टोकन प्रणाली के माध्यम से किया जा रहा है, जिसमें किसानों की वास्तविकता का सत्यापन उनके पट्टादार पासबुक के माध्यम से विधिवत किया जाता है। इस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सरकार द्वारा मोबाइल आधारित यूरिया बुकिंग ऐप के रूप में आईटी आधारित समाधान शुरू किया गया है, जिससे किसान अपने घर से ही उर्वरकों की पूर्व-बुकिंग कर सकते हैं।

(घ): पिछले वर्ष 2024-25 के दौरान विभिन्न उर्वरकों, स्वदेशी पीएंडके, आयातित पीएंडके, आयातित यूरिया और स्वदेशी यूरिया की सब्सिडी स्कीम के तहत किए गए कुल व्यय का विवरण इस प्रकार है:

(आंकड़े करोड़ रुपये में)

वित्तीय वर्ष	**सब्सिडी योजनाएं**				**सकल योग**
	आयातित पीएंडके	**स्वदेशी पीएंडके**	**स्वदेशी यूरिया**	**आयातित यूरिया**	
2024-25	18,800.00	34,010.00	1,03,319.50	21,000.00	1,77,129.50

****